## INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

**FINAL EXAMINATION 2024-25**

| Class: IX | Subject: Hindi (Second language) | Maximum Marks: 80 |
|---|---|---|
| Date: 18/2/2025 | SET - 1 | Time: 3 Hours |

**निर्देश:** (क) इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड – क, ख, ग, घ और *7* पृष्ठ हैं।

(ख) खंड 'क' में कुल 14 अंक के प्रश्न पूछे गए हैं। जिनमें से 6 बहुविकल्पी तथा 4 लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं l दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ग) खंड 'ख' में व्याकरण पर आधारित 16 अंक के अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

(घ) खंड 'ग' में कुल 30 अंक के प्रश्न हैं। 10 बहुविकल्पी और 8 वर्णनात्मक सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ङ) खंड 'घ' में 20 अंक के कुल 4 प्रश्न हैं l निर्देशों का अनुपालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(च) यथासंभव चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### खण्ड – (क)

### अपठित गद्यांश (अंक-14)

**प्रश्न-1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:** *7*

पर्यटन द्वारा ज्ञान-प्राप्ति के साथ-साथ हमें सरस और सुरुचिपूर्ण मनोरंजन भी प्राप्त होता है। विभिन्न स्थानों, वनों, पहाड़ों, नदी-तालाबों और सागर की उत्ताल तरंगों का अवलोकन कर पर्यटक झूम उठते हैं। पर्यटन हमें नयनाभिराम दृश्यों को देखने का अवसर देता है। पर्यटन हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हितकर है। जलवायु परिवर्तन से चित्त में सरसता और उत्साह का संचार होता है। इससे हम प्रसन्न मनः स्थिति में रहते हैं जो हमारे उत्तम स्वास्थ्य की अनिवार्य शर्त है। देशाटन अथवा पर्यटन के दौरान अनेक कष्टों और कठिनाइयों का सामना करने पर जब हम उन्हें सुलझाने में सफल हो जाते हैं तो हमें एक अद्भुत प्रसन्नता प्राप्त होती है। फलस्वरूप हमारे आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। पर्यटन ने हमारे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को भी प्रभावित किया है। इससे विभिन्न राष्ट्रों में परस्पर निकटता बढ़ती है और व्यापारिक संबंध दृढ़ होते हैं। विकसित देशों के संपर्क ने विकासशील देशों की उन्नति को तीव्र गति प्रदान की है और अविकसित देशों के विकास में सहयोग देना आरंभ किया है। राष्ट्रों के पारस्परिक वैमनस्य और वैर को दूर करने में पर्यटन का योगदान महत्त्वपूर्ण हो सकता है।

**क) 'पर्यटन' के क्या लाभ हैं?** 1

(i) ज्ञान प्राप्ति (ii) सरस मनोरंजन
(iii) स्वास्थ्यवर्द्धक (iv) उपरोक्त सभी

**(ख) चित्त में सरसता और उत्साह कब भर उठता है?** **1**

(i) जब हम पर्यटन पर जाते हैं। (ii) जब हम विद्यालय जाते हैं।
(iii) जब हम फिल्म देखने जाते हैं। (iv) जब हम पूजा करते हैं।

**(ग) नयनाभिराम दृश्यों का अर्थ है –** **1**

(i) आँखों को सुख देने वाले दृश्य (ii) कानों को सुख देने वाले दृश्य
(iii) नाक को खुश करने वाले दृश्य (iv) उपरोक्त सभी

बोध प्रश्न (अति-लघूत्तरात्मक एवं लघूत्तरात्मक प्रश्न)

(घ) पर्यटन के सकारात्मक प्रभाव क्या हैं? 2

(ङ) पर्यटन का स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? 2

**प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:** *7*

हम विज्ञान के युग में जी रहे हैं। आज के युग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नित-नूतन आविष्कार हो रहे हैं। प्रकृति के रहस्यों पर से आवरण हटता जा रहा है। यह युग मानववाद का भी है, जिसमें वे धर्म जो मानवीय बुराइयों तथा सामाजिक अपराधों के प्रति संवेदनशील नहीं है, आधुनिक व्यक्ति के गले नहीं उतरते। प्राकृतिक धर्म कभी भी प्राप्त स्रोतों, परंपराओं पर निर्भर नहीं करता। वह तो अनुभूत, अनुभव-सिद्ध प्रत्यक्ष तथ्यों के अध्ययन और व्यावहारिकता पर अवलंबित होता है। वैज्ञानिक विधि का अनुसरण करते हुए प्राकृतिक तथ्यों का सर्वेक्षण करके, युक्तियुक्त तर्क देकर, परमसत्ता विषयक सिद्धांत का प्रतिपादन किया जाता है। वैज्ञानिक धर्म में ब्रह्मांड को समझने की जिज्ञासा पर बल दिया जाता है। प्राकृतिक ऊर्जा व पदार्थों के जन्म तथा विनाश को समझ सकने की इच्छा होती है। विज्ञान की चेतना में कहीं यह संकेत नहीं मिलता कि पदार्थ से ही सृष्टि का आरंभ हुआ था। परमाणु को विखंडित करने वाले मनुष्य का मन परमाणु से भी अधिक श्रेष्ठ है। प्रकृति की व्यवस्था और प्रगति के अवलोकन से स्पष्ट हो जाता है कि अगणित क्रमबद्ध प्रणालियों का संचालन, किसी सर्वद्रष्टा परम आत्मा द्वारा किया जा रहा है।

**(क) उपर्युक्त गद्यांश की मुख्य विषय-वस्तु क्या है?** **1**

(i) वैज्ञानिक मानव धर्म (ii)मानव व्यवहार
(iii) व्यवहारिकता (iv) परमसत्ता

**(ख) वर्तमान युग का मनुष्य धर्म को कैसे सही समझ सकता है?** 1

(i) संतों के व्याख्यान सुनकर (ii) धर्मिक ग्रंथों का अध्ययन कर
(iii) वैज्ञानिक विधि का अनुसरण करके (iv) उपरोक्त सभी तरह से

**(ग) वैज्ञानिक धर्म में किसे समझने की जिज्ञासा पर बल दिया जाता है?** 1

(i) पहाड़ों को (ii) ब्रह्मांड को

(iii) अतीत को (iv) भविष्य को

**बोध प्रश्न (अति-लघूत्तरात्मक एवं लघूत्तरात्मक प्रश्न)**

(घ) प्रकृति की व्यवस्था और अवलोकन से क्या स्पष्ट होता है? 2

(ङ) प्राकृतिक धर्म किन स्रोतों पर निर्भर करता है? 2

## खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण- अंक – 16)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों के आधार पर दीजिए-**

**(क) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 2

1 शब्द किसे कहते हैं ?

2. घोड़े **मैदान** में दौड़ रहे हैं । वाक्य में रेखांकित **मैदान** को क्या कहेंगे ?

3. **शब्द** कब पद बन जाता है ?

**(ख) किन्हीं दो शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग कीजिए –** 2

महगाई, सभावना, अदर

**(ग) किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 4

(i) 'अंकुरित' शब्द में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए ।

(ii) 'ईन' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए -

(iii) 'मित्रता' शब्द में से मूल शब्द व प्रत्यय अलग कीजिए ।

(iv) 'बेरहम' शब्द में से मूल शब्द व उपसर्ग अलग कीजिए ।

(v) 'अप' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए -

**(घ) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 3

(i) 'प्रत्येक' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए –

(ii) यदि + अपि शब्द का संधि रूप लिखिए ।

(iii) दीक्षा + अंत का संधि रूप लिखिए ।

(iv) 'एकैक' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए –

**(ङ) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 2

(i) अरे बरसात होने लगी (वाक्य में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए)

(ii) " " विराम-चिह्न का क्या नाम है ?

(iii) कछुआ शनै शनै चलता है (वाक्य में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए)

**(च) किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** 3

(i) इच्छावाचक वाक्य किसे कहते हैं ?

(ii) काश ! तुम यहाँ होते । (अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए)

(iii) मैं कल विद्यालय नहीं जाऊँगा । (अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए)

(iv) तुम्हारी परीक्षा कब शुरू हो रही है ? (अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद लिखिए)

**खण्ड – ग (अंक-30)**

**प्रश्न – 4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनिए – 1x5 = 5**

प्रथम श्रेणी की शिष्ट, संस्कार-संपन्न भाषा और मनोहारी लेखन शैली की ईश्वरीय देन महादेव को मिली थी | यद्यपि गांधीजी के पास पहुँचने के बाद घमासान लड़ाइयों, आंदोलनों और समाचार-पत्रों की चर्चाओं के भीड़-भरे प्रसंगों के बीच केवल साहित्यिक गतिविधियों के लिए उन्हें कभी समय नहीं मिला, फिर भी गांधीजी की आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' का अंग्रेजी अनुवाद उन्होंने किया, जो 'नवजीवन' में प्रकाशित होने वाले मूल गुजरती की तरह हर हफ्ते 'यंग इंडिया' में छपता रहा | बाद में पुस्तक के रूप में उसके अनगिनत संस्करण सारी दुनिया के देशों में प्रकाशित हुए और बिके |

**(क) महादेव देसाई के लेखन की विशेषता थी-**

(i) शिष्ट भाषा (ii) संस्कार संपन्न भाषा

(ii) मनोहारी लेखन शैली (iv) उपरोक्त सभी

**(ख) महादेव देसाई को कौन-सी ईश्वरीय देन प्राप्त हुई थी?**

(i) शिष्ट तथा संपन्न भाषा रैली (ii) व्यवहार कुशलता

(iii) देश सेवा का अवसर (iv) अदम्य साहस

**(ग) महादेव देसाई को किस प्रकार के लेखन का अवसर नहीं मिला?**

(i) चारित्रिक लेखन (ii) साहित्यिक लेखन

(ii) धार्मिक लेखन (iv) सामाजिक लेखन

**(घ) साहित्यिक गतिविधियों के लिए महादेव को समय क्यों नहीं मिला?**

(i) क्योंकि वे स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़े गये|

(ii) क्योंकि वे गांधी जी के एवं उनसे मिलने वालों के विचार लेखन में लग गए।

(iii) उपरोक्त दोनों

(iv) क्योंकि उन्हें साहित्य में रूचि नहीं थी।

**(ङ) गाँधी जी की आत्मकथा का क्या नाम था ?**

(i) अहिंसा (ii) सत्याग्रह

(iii)राग दरबारी (iv)सत्य के प्रयोग

**प्रश्न- 5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए– 2x3=6**

(i) रामन् की खोज 'रामन् प्रभाव' क्या है? स्पष्ट कीजिए ।

(ii) लेखिका को देखकर 'की' हक्का-बक्का क्यों रह गया ?

(iii) जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया तो लेखक के व्यवहार में क्या–क्या परिवर्तन आए?

(iv) महादेव भाई के किन गुणों ने उन्हें सबका लाडला बना दिया था ?

**प्रश्न – 6 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनिए –** **1x5=5**

यहाँ रोज कुछ बन रहा है
रोज कुछ घट रहा है
यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं
एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया
जैसे बसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ
जैसे बैसाख का गया भादों को लौटा हूँ
अब यही है उपाय कि हर दरवाजा खटखटाओ
और पूछो-क्या यही है वो घर?
समय बहुत कम है तुम्हारे पास
आ चला पानी ढहा आ रहा अकास
शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देखकर।

**(क) कवि को किसका भरोसा नहीं है?**

(i) समय पर (ii) सोच पर
(iii) श्रम पर (iv) स्मृति पर

**(ख) नित्य नए निर्माण से कवि क्यों परेशान है?**

(i) क्योंके रोज कुछ नया हो रहा है और परिदृश्य बदल रहा है
(ii) नए निर्माण से रास्ते का पता बदल जाता है
(iii) नए निर्माण से पुराना दृश्य बदल जाता है
(iv) उपरोक्त सभी

**(ग) 'वैशाख का गया भादों को लौटा हूँ' से कवि का क्या अभिप्राय है?**

(i) एक महीने बाद का समय (ii) बहुत परिवर्तन का घोतक
(iii) निर्माण की गुणवत्ता (iv) उपरोक्त सभी

**(घ) काव्यांश में अपने लक्ष्य तक पहुँचने का क्या उपाय बताया है?**

(i) प्रत्येक घर का दरवाजा खटखटाना (ii) गूगल की सहायता लेना
(iii) पुलिस की सहायता लेना (iv) उपरोक्त सभी

(ङ) कवि पथिक को दरवाजा खटखटाकर क्या पूछने को कह रहा है?

(i) यहाँ कौन रहता है (ii) क्या यही है वो घर

(iii) अपने घर का पता (iv) मुहल्ले का नाम

**प्रश्न- 7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए– 2x3=6**

(i) 'खुशबू रचने वाले हाथ' कैसी परिस्थितियों तथा कहाँ-कहाँ रहते हैं?

(ii) कवि ने 'अग्नि पथ' किसके प्रतीक स्वरूप प्रयोग किया है?

(iii) गीत-अगीत कविता के केंद्रीय भाव को लिखिए ।

(iv) 'मोती, मानस, चून' के संदर्भ में पानी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

**प्रश्न- 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए: 4×2=8**

(i) गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाए किया ?

(ii) किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया ?

(iii) लेखक का ऑपरेशन करने से सर्जन क्यों हिचक रहे थे?

**खण्ड – घ (अंक – 20)**

**प्रश्न- 9 किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए: 5×1=5**

**1. टी – 20 मैच का रोमांच**

* क्रिकेट भारत का मुख्य खेल * क्रिकेट का नया रूप * पहला 20–20 ओवरों का विश्व कप

**2. प्लास्टिक के खतरे**

* कृत्रिम पदार्थ * गुण – अवगुण * जिम्मेदारी ।

**3. खान-पान की बदलती तस्वीर**

* व्यस्त दिनचर्या * फास्ट फूड का प्रचलन * फास्ट फूड के बुरे प्रभाव * पौष्टिक भोजन की आवश्यकता ।

प्रश्न.10- अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें हिंदी पढ़ने का महत्त्व और लाभ बताए गए हों ।

अथवा **5×1=5**

अपनी बुआ जी को उनके जन्मदिवस पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न-11. बाल मजदूरी पर चिंता व्यक्त करते हुए दो विद्यार्थियों के मध्य होने वाले वार्तालाप को 100 शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए। **5×1=5**

अथवा

मोबाइल फ़ोन के लाभ और हानियों पर दो मित्रों का आपसी संवाद लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

प्रश्न-12. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य/घटना का कल्पना-शक्ति के आधार पर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए। **5×1=5**

